हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 1 सितंबर 2025

04 तीन घंटे की बारिश में नदी-नाले उफने, सड़कें हुई ...



07 विधि महाविद्यालय के गेट पर ताला जड़कर...





## खबर संक्षेप

### अनंत चतुर्दशी को लेकर हिंउस की बैठक आज

**सीहोर ।** नगर में निकलने वाले डोल ग्यारस एवं अनंत चतुर्दशी पर्व को लेकर हिंदू उत्सव समिति द्वारा सोमवार 01 सितंबर 2025 दोपहर 12:00 स्थान सीहोर नगरपलिका परिषद के सभागार में आयोजित की गई है। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया कि इस बैठक में नगर के सभी समाज के अध्यक्ष, गणेश पांडाल समितियों के सदस्य, अखाड़ा प्रमुख और झांकी निर्माण समिति के सदस्य आमंत्रित किए गए हैं। बैठक में उत्सव से जुड़ी व्यवस्थाओं जैसे डोल यात्रा की रूपरेखा, झांकी निर्माण, शोभायात्रा का मार्ग, सुरक्षा एवं अनुशासन व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेवा कार्य एवं समन्वय की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### कभी भी दे सकेंगे अपना जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर ।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी। पेंशनरों की सहूलियत के लिए अब ईपीएफओ ने नई व्यवस्था की है। इसके तहत कोई पेंशनर जिस महीने में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे, अगले साल इसी महीने में उन्हें अगला प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

## पुराने पुलों का पुनर्निर्माण होने से यातायात होगा सुगम, शहर का भी बदलेगा स्वरूप, वाहन चालकों को होगी सुविधा

# 5.50 करोड़ से बनेंगे दूल्हा बादशाह-बकरी पुल इंग्लिशपुरा व मछली पुल भी मंजूरी के लिए भेजे

विधायक सुदेश राय ने इन पुलों की दुर्दशा का मुद्दा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने रखा था। करीब तीन माह पहले जब मुख्यमंत्री सीहोर आए थे तब इस विषय को प्रमुखता से उठाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर लंबे समय से जर्जर पुलों की मार झेल रहा था। अंग्रेजों के जमाने में बने ये पुल अब शहरवासियों के लिए खतरा बन चुके थे। जगह-जगह दरारें पड़ चुकी थीं और ऊंचाई कम होने से हर बरसात में जलभराव और बाढ़ जैसे हालात खड़े हो जाते थे। मुख्य मार्गों पर स्थित इन पुलों से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं, लेकिन उनका जर्जर ढांचा कभी भी हादसे का कारण बन सकता था। यही वजह रही कि पुलों के पुनर्निर्माण की मांग लगातार उठ रही थी।

### विधायक की पहल और मुख्यमंत्री की मंजूरी

सीहोर विधायक सुदेश राय ने इन पुलों की दुर्दशा का मुद्दा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने रखा था। करीब तीन माह पहले जब मुख्यमंत्री सीहोर आए थे तब इस विषय को प्रमुखता से उठाया गया। मुख्यमंत्री ने जनता की परेशानी को समझते हुए तुरंत मंजूरी दी और अब यह स्वप्न साकार होने जा रहा है। जनता का कहना है कि इस फैसले से शहर का यातायात सुगम होगा, दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा और विकास का रास्ता खुलेगा।

**चार और पुलों का पुनर्निर्माण प्रस्तावित :** सिर्फ यही नहीं, नगर के अन्य चार जर्जर पुलों—इंगलशपुरा पुल, पुराना बस स्टैंड पुल, मछली पुल और अमर टॉकीज पुल के पुनर्निर्माण के लिए भी शासन को प्रस्ताव भेजे गए हैं। अनुमान है कि इन पर लगभग 7.50 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मंजूरी मिलते ही इनका भी निर्माण कार्य ब्रिज कॉरपोरेशन द्वारा शुरू किया जाएगा।



**सीहोर।** अंग्रेजों के जमाने के बकरी पुल का अब पुर्ननिर्माण होगा।



**सीहोर।** दूल्हा बादशाह दरगाह के पास बने पुल को भी अब ब्रिज कार्पोरेशन बनाएगा।

### शहर का बदलेगा स्वरूप

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बरसों से जर्जर पुलों की वजह से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता रहा है। बारिश में तो हालात और बिगड़ जाते थे, जब जलभराव और बाढ़ जैसे हालात में पुलों पर आवागमन बंद हो जाता था। अब जब नए पुल बनने जा रहे हैं तो लोगों को यातायात में आसानी, सुरक्षा और राहत का अनुभव होगा। साथ ही शहर का चेहरा भी बदलेगा।

### दूल्हा बादशाह और बकरी पुल पर अत्याधुनिक ब्रिज

ब्रिज कॉरपोरेशन के अनुसार दूल्हा बादशाह पुल लगभग 30 मीटर लंबा होगा, जबकि सीवन नदी पर स्थित बकरी पुल करीब 90 मीटर लंबा बनाया जाएगा। दोनों पल करीब 5.50 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक तकनीक से तैयार होंगे ताकि वे आने वाले कई दशकों तक मजबूत और सुरक्षित बने रहें। इंदौर नाके से लुनिया चौराहा तक पहले से बन रही टू-लेन सड़क को भी इन नए पुलों से बड़ी राहत मिलेगी। शहर का स्वरूप बदलेगा और आवागमन में तेजी आएगी।

**सीहोर के विकास का नया अध्याय :** शहरवासी मानते हैं कि यह कदम सीहोर की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा। लंबे समय से जिस सौगात का इंतजार था, वह अब हकीकत बनने जा रही है।

नए पुल सिर्फ यातायात का साधन नहीं बल्कि सीहोर के आधुनिक स्वरूप की पहचान बनेंगे। यह काम पूरा होने के बाद सीहोर न सिर्फ सुरक्षित होगा बल्कि विकास की दिशा में और तेज़ी से आगे बढ़ेगा।

### चार पुलों के प्रस्ताव शासन को भेजे हैं

दूल्हा बादशाह और बकरी पुल के वर्क ऑर्डर जारी हो चुके हैं। जैसे ही बारिश का मौसम समाप्त होगा, निर्माण कार्य तुरंत शुरू कर दिया जाएगा। वहीं अन्य चार पुलों के प्रस्ताव भी शासन को भेज दिए गए हैं और स्वीकृति मिलते ही उन पर भी काम शुरू होगा।

**कैलाश वर्मा,** ब्रिज कार्पोरेशन सब इंजीनियर

# सात दिवसीय भागवत कथा आज से

### 25 वर्ष से बड़ा बाजार में कथा कर रहे कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लगातार 24 सालों से निरंतर शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में होने वाली सात दिवसीय भागवत कथा अग्रवाल महिला मंडल के तत्वाधान में लगातार 25 सालों से अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा के मुखारविन्द से कथा का वाचन किया जाएगा। इस बार 26 साल होने जा रहे है। यहां पर कथा पूर्ण रूप से सादगी से की जाएगी। इसको लेकर अग्रवाल समाज के द्वारा तैयारियां की जा रही है।

सोमवार से आरंभ होने वाली कथा को लेकर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, महिला मंडल की अध्यक्ष रुकमणी रोहिला, सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष निलेश जयपुरिया, अजय अग्रवाल, अशोक रोहिला, राजा अग्रवाल और शैलेश अग्रवाल आदि मौजूद थे। महिला मंडल और पूरा प्रशासन क्षेत्र में होने वाली कथा की तैयारियों को लेकर व्यवस्था पूर्ण कर ली है। जगह की कमी होने के कारण प्रवेश पत्र का इंतजाम किया है और भवन के बाहर भी श्रद्धालु कथा सुन सके उसकी व्यवस्था भी की गई है। सोमवार से आरंभ होने वाली कथा के पहले दिन सुबह सादगी के साथ परम्परानुसार शोभा यात्रा शहर के बड़ा बाजार स्थित भगवान श्री सत्यनारायण मंदिर से निकाली जाएगी। इसके उपरांत भागवत कथा दोपहर 2 बजे से आरंभ होगी। कथा के पहले दिन भागवत कथा का महत्व का विस्तार से वर्णन किया जाएगा और कथा के दूसरे दिन शिव कथा, वामन अवतार, भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव आस्था के साथ मनाया जाएगा। गोवर्धन पूजन और भगवान को छप्पन भोग लगाया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी का विवाह मनाया जाएगा और कथा के अंतिम दिन भागवत कथा में सुदामा चरित्र कथा के साथ विश्राम दिया जाएगा। भागवत कथा की तैयारियों को लेकर पूरे अग्रवाल महिला मंडल सहित क्षेत्रवासियों में उत्साह का संचार है, कथा स्थल में प्रवेश पत्र होने पर प्रवेश दिया जाएगा। स्थान की कमी होने के कारण सीमित श्रद्धालु ही भवन में बैठने की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने भी अपनी ओर से तैयारियां पूरी कर ली है और सहयोग प्रदान कर रहा है।

# किसानों की पुकार-सोयाबीन की बर्बाद फसल, जल सत्याग्रह और अनोखे आंदोलन से सरकार को झकझोरने की कोशिश

**सीहोर।** सोयाबीन की फसल इस बार भी किसानों को धोखा दे गई। प्रदेश के भोपाल, सीहोर और शाजापुर जिले के किसान लगातार समाजसेवी एमएस मेवाड़ा जी के नेतृत्व में खराब फसल की बीमा राशि की मांग कर रहे हैं। लेकिन अब तक सरकार और बीमा कंपनी के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि पिछले एक सप्ताह से अधिक दिन से अलग किसान अलग-अलग गांवों में अलग-अलग रंग में अनोखे और भावुक कर देने वाले आंदोलन कर रहे हैं।



**नदी में खड़े होकर जल सत्याग्रहः** भोपाल जिले के ग्राम टीला खेड़ी के किसान कुलासी नदी में जल सत्याग्रह कर रहे हैं, जबकि सीहोर जिले के परवां और सीवन नदी में किसान अर्द्धनग्न होकर पानी में खड़े हैं। शाहजहांपुर में भी कई गांवों के किसान नदी में खड़े होकर आंदोलन कर रहे हैं। यह दृश्य हर किसी का दिल पसीजाने वाला है।

**खेतों से लेकर सडक़ों तक आंदोलन :** किसान अपनी बर्बाद हुई सोयाबीन की फसल हाथों में लेकर खेतों और सडक़ों पर उतर आए हैं। सीहोर जिले के दर्जनों गांवों के किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली में फसल लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर एसडीम को को सौंपा।

**पेड़ों पर घंटियां बजाकर चेतावनी :** कई गांवों में किसान पेड़ों पर घंटियां बजाकर सरकार को जगाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, रामाखेड़ी के किसानों ने राजस्थान के झुनझुन से डाली गई बीमा राशि नहीं मिली तो खराब सोयाबीन के खेतों में बजाय झुंझुनू ग्राम लसूडिया खास के किसानों ने पार्वती नदी में जल सत्याग्रह किया ग्राम छापरी कल के किसानों ने बीमा कंपनी का पुतला निकाल कर सीवन नदी में डुबाया किया जल सत्याग्रह एवं खराब सोयाबीन की फसल हाथों में लेकर ढोल मजीरे के साथ प्रधानमंत्री मोदी पर गीत भजन गाकर की बीमा की मांग ग्राम पीपलनेर के किसान सोयाबीन की फसल लेकर सडक़ों पर लेट गए। ग्राम छोटी मुंगावली में किसान अर्धनग्न होकर नदी के गहरे पानी में खड़े होकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इन अनोखे प्रदर्शनों से किसानों का दर्द साफ झलक रहा है।

**पांच वर्षों से जारी है संघर्ष :** किसानों और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा का कहना है कि विगत पांच वर्षों से हर बार किसी न किसी प्राकृतिक आपदा, नकली कीटनाशकों, ओलावृष्टि और बीमारियों के कारण फसलें चौपट हो रही हैं। इसके बावजूद किसानों को बीमा राशि का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सीहोर से लेकर भोपाल तक कलेक्टर और कमिश्नर के सामने बार-बार ज्ञापन दिए गए, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं।

**बीमा कंपनी और सरकार पर सवाल :** किसानों का आरोप है कि बीमा कंपनियां केवल प्रीमियम काट रही हैं लेकिन नुकसान की भरपाई करने को तैयार नहीं हैं। बैंक खातों से ऑटोमेटिक बीमा राशि काट ली जाती है, जबकि उसका कोई लाभ नहीं मिल रहा।

## 80 प्रतिशत दिव्यांगों को दिलाएंगे स्कूटी, तीन हजार रुपए मिलने पर दिव्यांगों ने जताया आभार

# भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने किया वादा 5000 रुपए पेंशन बढ़वाने दिव्यांगों को सीएम डॉ यादव से मिलाएंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दिव्यांगों की आवाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक पहुंचाने वाले सांसद आलोक शर्मा ने आज एक और वादा पूरा कर दिया। उन्होंने कहा था कि हर माह सीहोर के दिव्यांगों से मिलूंगा आज ये बात उस समय सच साबित हो गई। जब सांसद आलोक शर्मा सीहोर रेस्ट हाउस में दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद संपूर्ण भारत शाखा सीहोर के सदस्यों से मिले। मीडिया प्रभारी नरेश मेवाड़ा ने बताया कि सांसद ने दिव्यांगों को आश्वासन दिया कि मैं आपकी पांच हजार रुपए पेंशन बढ़वाने का पूरा प्रयास करूंगा। इसके लिए मैं आपको मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी मिलवाऊंगा। उन्होंने कलेक्टर बालागुरु के को फोन लगाकर कहा कि दिव्यांगजनों को स्कूटी देने की क्या योजना है। इस पर कलेक्टर बालागुरु के ने बताया कि 80 प्रतिशत दिव्यांगों को स्कूटी दी जाती है। सांसद ने दिव्यांगों से कहा कि 80 प्रतिशत वाले दिव्यांगों की सूची दो। उन्हें स्कूटी दिलाई जाएगी।

### भाजपा कार्यालय में मिलूंगा हर माह

सांसद ने कहा कि सीहोर में भाजपा कार्यालय बन गया है। मैं सभी दिव्यांगों से हर माह मिलूंगा और धीरे-धीरे कर आपकी मांग पूरा करवाऊंगा।

### जल्द दिव्यांगों की मांग पूरी हो

दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद कार्य क्षेत्र संपूर्ण भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिम्मत सिंह तंवर, राष्ट्रीय सचिव अजमेर सिंह पाल के निर्देश पर सीहोर जिले में दिव्यांगों के लिए काम करने वाले प्रबंधक उमा चौरसिया, सीहोर जिलाध्यक्ष सुखवेंद्र दांगी, कमलेश राठौर, मीडिया प्रभारी नरेश मेवाड़ा, गुलाब सिंह मेवाड़ा, अध्यक्ष प्रतिनिधि विष्णु दांगी समेत दिव्यांगों ने सांसद से कहा कि जल्द से जल्द दिव्यांगों की मांग पूरी हो। इस दौरान बड़ी संख्या में दिव्यांग संगठन के लोग मौजूद थे।

**पांच हजार रुपए दिए जाएंगे, दमदार सांसद है आलोक शर्मा :** पहली मुलाकात में सांसद आलोक शर्मा ने दिव्यांगों को तीन हजार रुपए दिए थे। जिस पर संगठन के लोगों ने उनका आभार जताते हुए कहा कि सांसद जी आप सदैव हमारा साथ ऐसे ही निभाते रहना। सांसद के द्वारा जो दिव्यांगों की मदद की गई इसके लिए पूरे जिले में सांसद आलोक शर्मा की प्रशंसा हो रही है। सांसद ने ऐलान किया कि अगली बार पांच हजार रुपए दूंगा, जिससे दिव्यांगों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दिव्यांगों ने कहा कि सांसद आलोक शर्मा दमदार सांसद है।

**सांसद प्रतिनिधि के रूप में दो दिव्यांग साथी का हो सकता चयन :** सूत्रों ने बताया कि सांसद प्रतिनिधि के रूप में दो दिव्यांग साथी का चयन हो सकता है। जिसमें संगठन के जिलाध्यक्ष सुखवेंद्र दांगी और प्रदेश प्रभारी कमलेश राठौर के नियुक्त होने की चर्चा है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन, नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति मौजूद थे।

# 27 को निकाली जाएगी 151 मीटर लंबी भव्य चुनरी यात्राः पंडित मिश्रा



**सीहोर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर हिंद रक्षक युवा समिति के तत्वाधान में हर साल निकलने वाली ऐतिहासिक चुनरी यात्रा की तैयारियों को लेकर शहर के गंज स्थित राठौर धर्मशाला में बैठक हुई। 151 मीटर लंबी चुनरी यात्रा 27 सितंबर को करोली वाली माता मंदिर गंज से शुरु होगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई इलाही माता हनुमान फाटक कस्बा पर महाआरती एवं प्रसादी वितरण के बाद समाप्त होगी। इस मौके पर बैठक के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 13 सालों से हिंद रक्षक युवा समिति के तत्वाधान में नवरात्रि के पावन अवसर पर निकाली जाने वाली भव्य चुनरी यात्रा सीहोर शहर की पहचान बन गई है। यह ऐतिहासिक यात्रा है जिसमें माता की चुनरी का स्पर्श करने के लिए हर श्रद्धालुओं की कामना रहती है और जिस मार्ग से यह यात्रा निकाली जाती है वहां पर क्षेत्रवासी, सामाजिक संगठन श्रद्धालुओं का आस्था और उत्साह के साथ स्वागत करते है। चुनरी यात्रा को लेकर समिति की बैठक के पहले समिति के संरक्षक नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा, संत हरिराम दास महाराज, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, भाजपा नेता सन्नी महाजन के अलावा बड़ी संख्या में महिला मंडल के पदाधिकारी, पार्षदगण, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और क्षेत्रवासी के साथ दीप प्रज्वलित किया।

खबर संक्षेप



### श्रद्धा भक्ति सेवा समिति ने सात विकेट से जीता मैच

**सीहोर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पांच दिवसीय खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को इसके अंतर्गत चेयररेस और क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मौके पर सुबह हुए क्रिकेट मैच में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति ने संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र को सात विकेट से हराया। वहीं रविवार को शतरंज प्रतियोगिता के अलावा एक मैच श्री राधेश्याम विहार और संस्कार मंच के मध्य खेला जाएगा। इस मौके पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन के लिए केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी आदि मौजूद रहेंगे। शनिवार को खेले गए श्रद्ध भक्ति सेवा समिति और संकल्प नशा मुक्ति टीम के मध्य एक तरफा मुकाबला खेला गया। इसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र ने निर्धारित आठ ओवर में 123 रन बनाए थे। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेवा समिति की टीम ने सात ओवर में 124 रन बनाकर यह मैच सात विकेट से जीता इस मैच में जयदीप ने 36 गेंद पर 88 रन की पारी खेली। मैच के अंत में संचालक श्री सिंह, मनोज दीक्षित मामा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी आदि ने पुरस्कार वितरण किए।

### ऑनलाइन पंजीयन के लिए आवेदन मांगे

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये एनसीटीई पाठयक्रम संचालित करने वाले शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए तृतीय अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है। जारी समय सारणी के अनुसार, एनसीटीई पाठयक्रमों में प्रवेश में लिए विद्यार्थी 27 से 29 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 27 से 30 अगस्त तक होगा। प्रवेश के लिये मेरिट सूची का प्रकाशन 1 सितंबर को होगा। विद्यार्थियों के लिए 2 सितंबर को सीट आवंटन जारी किया जाएगा। आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों (टीसी, माइग्रेशन) के साथ भौतिक सत्यापन के लिए विद्यार्थियों को उपस्थित होकर 2 से 4 सितंबर तक लिंक इनिशिएट कराना होगा। विद्यार्थियों को आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 2 से 6 सितंबर तक करना होगा।

## रविवार सुबह 6 से 9 बजे तक तीन घंटे की मूसलाधार बारिश हुई, नगर की निचली बस्तियां डूबी, कोई जनहानि

# तीन घंटे की बारिश में नदी-नाले उफने, सड़कें हुई जलमग्न, आंगनबाड़ी, मंदिरों, घरों में भराया पानी

गोपालपुर ग्रामीण क्षेत्र में छोटे बड़े रपटे उफान पर होने के कारण सड़क से संपर्क कट गया। रपटे के करीब 2 से 3 फीट ऊपर से पानी बह रहा था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

सीहोर जिले में मानसून सक्रिय है। लगातार बारिश हो रही है। भैरूंदा में रविवार की सुबह करीबन 6बजे 9बजे तक लगातार बारिश होने की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई नदियां और नाले उफान पर हैं। नदी, नाले ऊफान पर होने की वजह से ग्रामीण बस्तियों का सड़कों से संपर्क कट गया है। वहीं, शहर की निचली बस्तियों में पानी भरने के साथ लोगों के घरों में भी घुस गया है, जिससे घर में रखे सामानों को नुकसान भी पहुंचा।






### नदी-नाले ऊफान पर कई गांवों का संपर्क टूटा

भैरुंदा में रविवार की सुबह करीब 6 बजे तीन घंटे की भारी बारिश से नदी, नाले ऊफान पर आ गए। छोटे बड़े नाले की स्थिति यह है कि कई जगह पानी पुलों से कई फीट ऊपर बह रहा था। गोपालपुर ग्रामीण क्षेत्र में छोटे बड़े रपटे उफान पर होने के कारण सड़क से संपर्क कट गया। रपटे के करीब 2 से 3 फीट ऊपर से पानी बह रहा है, जिस वजह से आवागमन ठप हो गया है। स्थानीय प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि उफनाए नदी-नालों को पार करने की कोशिश न करें। ऐसा करने पर जान का खतरा हो सकता है।

भैरूंदा तहसील के प्रसिद्ध स्थान रुजनखेड़ी गांव भीलटदेव मंदिर, शंकर मन्दिर , हनुमान मंदिर सहित गांव की आंगनवाड़ी के अन्दर पानी पहुंचा। मन्दिरों आंगनवाड़ी में करीबन तीन से चार फिट पानी भर गया। इस दौरान लोग घंटों अपने घरों के अन्दर कैद रहे। कुछ लोग जरूरी काम से ट्रैक्टर पर सावर होकर घरों से बाहर निकले और जरूरी काम निपटाकर वापस ट्रैक्टर की मदद से घर लौटे। कुछ लोगों ने अपने छोटे छोटे बच्चों को कंधे पर बैठा कर पानी को पार करने दिखाई दिए। वहीं मन्दिर में पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालु भी तीन फिट पानी मे से निकलते दिखाई दिए। छोटे छोटे बच्चे भी पानी में निकलते दिखाई दे रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रहे थे। ग्राम पंचायत बोरखेड़ा कला के गांव के बीचों बीच मन्दिर के अन्दर पानी पहुंचा तो वहीं बीच गांव की सड़क जलमग्न हो गई। करीबन तीन फिट सड़क पर पानी भर गया।

वहीं निचली बस्ती के घरों में पानी भर गया। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। बारिश का पानी सड़क पर होने से लोग कई घंटों घरों में कैद हो गए। इस दौरान लोगों का घरों से बाहर निकलना प्रभावित रहा।

### छोटे बड़े नाले ऊफान पर, गोपालपुर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

रविवार सुबह के 6 बजे से लगातार 9 बजे की तीन घंटे की मूसलाधार बारिश से नदी नाले ऊफान आए। इस दौरान गोपालपुर थाना क्षेत्र में कई गांव की सड़को का संपर्क भी टूटा रहा। छोटी बड़ी पुलिया रपटे के ऊपर से पानी बह रहा था। इस दौरान लोग रपटा पार करते भी दिखाई दिए। इस दौरान घटना दुर्घटना होने की संभावना भी बढ़ जाती है। गोपालपुर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल भी खड़े किए। न कोई सुरक्षा के इंतजाम न ही पुलिसकर्मी तैनात किए।



**नगर की निचली बस्तियों में भर गया पानी, नहीं हुई कोई अप्रत्याशित घटना**

मूसलाधार बारिश ने लोगों को डरा दिया। बारिश के दौरान नदी नाले उफान पर नजर आए और सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। नगर की निचली बस्तियां का संपर्क टूट गया। नाले में कूड़ा जमा होने से पानी सड़क पर जमा हो गया। इसके बाद बारिश का पानी घरों तक पहुंच गया। हालांकि नपा की टीम ने नाले में फंसा कचरा कूड़ा हटाकर पानी की निकासी की। बारिश के कारण अनेकों जगहों पर जलभराव की स्थिति बनी। सूचना पर भैरुंदा नगर परिषद् की टीम के मौके पर पहुंची और पानी की निकासी की। अधिक वर्षा होने से नाले नालियों का पानी सड़क पर जलभराव हुआ।।इस कारण निचली बस्तियों में पानी भर गया। इस स्थिति में नपा की टीम ने पानी की निकासी की।

## राजेश पटेल बुधनी विधान सभा प्रभारी नियुक्त किए



**भैरुंदा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भैरूंदा तहसील ग्राम छापरी के कांग्रेस नेता राजेश पटेल को मतदाता पुनरीक्षण के लिए बुधनी विधान सभा 156 का प्रभारी नियुक्त किया है। नियुक्ति के पूर्व प्रदेश कार्यालय इंदिरा भवन भोपाल में शनिवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी,प्रशिक्षण विभाग के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र जोशी,संगठन प्रभारी संजय कामले, मतदाता पुनरीक्षण के प्रदेश प्रभारी ललित सेन की उपस्थिति में विधान सभा प्रभारी को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विधान सभा में 363 मतदान केंद्र है जिस पर श्री पटेल मतदाता सूची के शुद्धिकरण में संगठन का सहयोग करेंगे। राजेश पटेल की नियुक्ति से बुधनी विधान सभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं,संगठन के पदाधिकारी एवं नेताओं में हर्ष है। व उन्होंने श्री पटेल को अपनी बधाई प्रदान करते हुए आगामी कार्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## फिट इंडिया मूवमेंट साइकिल रैली का आयोजन अधिकारी और जनप्रतिनिधि ने चलाई साइकिल

**भैरुंदा।** फिट इंडिया मूवमेंट के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम में अनेकों गतिविधियां के तहत खेल प्रतियोगिता आयोजित कर खेल महोत्सव पर्व मनाया गया। जिसमें अधिकारियों ,जनप्रतिनिधियों सहित स्कूल के छात्र-छात्राओं शिक्षकों ने भाग लेकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।




राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में रविवार को साईकिल रैली निकाली गई। जिसमें अधिकारी जनप्रतिनिधि द्वारा ग्राम राला से अकावलिया की मुख्य सड़क पर साईकिल चलाकर रैली निकाली गई। इस रैली में एसडीएम सुधीर सिंह कुशवाहा, तहसीलदार संदीप गौर, नायाब तहसीलदार अनीस कुरैशी, शिक्षा विकास खंड ललित किर, बीआरसी विजय पवार, आदिमजाति कल्याण अर्जुन सिंह सोलंकी, महामंत्री जीतू गौड़, पूर्व मण्डल अध्यक्ष धीरज पटेल, सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### राठौर समाज ने सांसद जिला और नपाध्यक्ष का किया सम्मान

**सीहोर।** रविवार को भोपाल विधानसभा क्षेत्र के सांसद आलोक शर्मा सीहोर दौरे पर आए। इस दौरान राठौर समाज के लोगों ने सांसद श्री शर्मा के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर का स्वागत सम्मान किया। राठौर समाज के महामंत्री डॉक्टर पुरण राठौर ने बताया कि सांसद श्री शर्मा ने बीते दिनों समाज के मांगलिक भवन निमार्ण को लेकर सांसद निधि से 20 लाख की राशि देने की घोषणा की थी। रविवार को सांसद श्री शर्मा ने अपने दौरे के दौरान बस स्टौंड पर समाज को स्वीकृत राशि का स्वीकृति पत्र सौंपा। इस दौरान राठौर क्षत्रिय समाज ने सांसद आलोक शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा और नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर का राठौर समाज अध्यक्ष रामचंद्र राठौर, अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय समाज के युवा संगठन अध्यक्ष जितेंद्र राठौर, कोषाध्यक्ष प्रमोद राठौर, उपाध्यक्ष देवेंद्र राठौर, ओमप्रकाश बाबा, मुकेश राठौर, राजकुमार राठौर, नट्टू राठौर, अशोक राठौर, अजय राठौर, दिलीप राठौर, सुनील राठौर, महामंत्री डॉक्टर पुरण सिंह राठौर आदि ने स्वागत किया।



## आर्य समाज महिला मंडी के चुनाव हुए संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रविवार को आर्य समाज मंदिर में महिला मण्डल का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें महिला आर्य प्रधान के लिये मीना राठौर को निर्विरोध चुना गया। वर्षा राठौर को मंत्री, उप प्रधान रश्मि तोमर, उपमंत्री हर्षा राठौर, मिथिलेश राठौर प्रचार मंत्री, छाया राठौर, पुष्प लता राठौर, ममता राठौर, श्यामला राठौर, रागिनी राठौर मार्गदर्शक मंडल, गायत्री देवी राठौर, मनोरमा देवी, रामश्री देवी, राजेश्वरी देवी, शांति देवी, सुनीता आर्य, रीता राठौर, सावित्री देवी, नूतन राठौर, सुनीता देवी राठौर की उपस्थिति में सभी नवनिर्वाचित निर्विरोध प्रधान पद अधिकारियों को नियुक्त किया गया। सभी नव निर्वाचित मातृशक्ति को आर्य समाज आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री, प्रधान आर्य नरेश राठौर, उप प्रधान तरुण जगवानी, कोषाध्यक्ष राजकुमार राठौर, रमेश चंद्र आर्य, रितेश आर्य, राजेंद्र आर्य, नरेंद्र आर्य, शम्मी राठौर, तोमरजी, रामबाबू सहित बड़ी संख्या में पधारे सभी आर्य समाज प्रधान पदाधिकारी ने आर्य महिला मंडल प्रधान पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाऐं दी है।

### बुधवार को निकलेगा डोल ग्यारस का विमान

**बुधनी।** हर वर्ष की तरह इस बार भी मोनी बाबा ट्रस्ट के तत्वाधान में स्थानीय हनुमान मंदिर से डोल ग्यारस का विमान निकाला जाएगा दोपहर 2:30 बजे प्राचीन सिद्ध श्री हनुमान मंदिर से भगवान श्री कृष्ण बांके बिहारी का विमान (डोल) लेकर श्रद्धालु नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए बुधनी घाट स्थित नर्मदा घाट पर पहुंचेंगे जहां भगवान को नर्मदा स्नान कराया जाएगा आयोजन समिति ने सभी नागरिकों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में डोल यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## असामाजिक तत्वों अड्डा बना खेल मैदान, रोज करते हैं तोड़फोड़

# अनदेखी: मंडी प्रांगण, नयागांव रोड और कक़रदा रोड पर सरेआम छलक रहे जाम








हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

स्थानीय लोग अब प्रशासन से इस और ध्यान देने की अपील कर रहे हैं क्योंकि करोड़ की लागत से बना खेल मैदान अब नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। रेहटी नगर के इकलौते खेल मैदान को अब नशाखोरी के अड्डा के रूप में नहीं पहचान मिल रही है शराब की बोतल के खाली पैकेट यहां सरे राह देखे जा सकते हैं। यह कहने में कोई दो मत नहीं कि यहां असामाजिक तत्वों का जमा बड़ा दिन-रात बना रहता है। नगर रेहटी के खेल मैदान सहित कृषि उपज मंडी प्रांगण में नशेड़ी शाम से ही अपना अड्डा जमा लेते हैं और दिन-रात नशे का सेवन यहां पर किया जाता है। खेल मैदान की हालत तो इतनी बेकार हो रही है कि यहां पर जगह-जगह शराब की बोतल फटी हुई पड़ी हुई और सामाजिक तत्वों ने खेल मैदान में लगे खिड़की और गेट के कांच भी छोड़ दिए हैं पुलिस प्रशासन जब यहां पहुंचता है तो नशेड़ी भाग जाते हैं और पुलिस जाने के बाद वापस शराब के जाम झलकने लगते हैं। नशेड़ियों को रोके जाने पर बाल लड़ाई झगड़े से भी नहीं डरते हैं।



## रामाश्रय में संपन्न हुआ निशुल्क स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




सेठ जीतमल कमलाबाई अग्रवाल परमार्थिक ट्रस्ट द्वारा बिलावली के समीप रामाश्रय परिसर में स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर का निःशुल्क आयोजन रविवार को किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न शारीरिक समस्याओं से ग्रस्त लोगों ने अपना परीक्षण व उपचार करवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर ट्रस्ट के संस्थापक रमेश कुमार अग्रवाल ने किया। मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी के लिए मोतियाबिंद व लेंस प्रत्यारोपण के मरीज चयनित किए गए। जहां उनका निःशुल्क ऑपरेशन किया जा रहा है। इन मरीजों के आने-जाने, रहने, खाने, दवा, रंगीन चश्मा आदि की निःशुल्क व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा की गई है। इस शिविर में डॉ. आर. के. सक्सेना नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. हरमीत सिंह सलूजा बी.पी., शुगर, थायरॉइड एवं पेट रोग विशेषज्ञ, डॉ. पुनीत माहेश्वरी हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. त्रशिता राजानी चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ. इंद्रदीप अरोरा नाक, कान एवं गला विशेषज्ञ आदि अनुभवी डॉक्टरो ने अपनी सेवाएं दी। शिविर के कार्यकर्ताओं ने रजिस्ट्रेशन व्यवस्थाएं सम्भाली। शिविर में एक हजार से अधिक लोगों ने उपचार करवाया। संचालन अरविंद त्रिवेदी ने किया। जानकारी रामाश्रय ट्रस्टी राकेश अग्रवाल ने दी।

### उज्जैन के विद्वान पंडित आज करेंगे वन मंडल के राजा की गंगा आरती व महाआरती

**देवास।** श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित वन मंडल के राजा के 11वें वर्ष के उत्सव में इस वर्ष भव्य गंगा आरती, महाआरती एवं छप्पन भोग का आयोजन होगा। गंगा आरती व महाआरती उज्जैन के विद्वान पंडितों के कर कमलो से सम्पन्न होगी। समिति सदस्य ने बताया कि यह आयोजन 1 सितम्बर 2025 को सायं 8 बजे पंचशील नगर, वन मंडल रोड, देवास पर होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में देवास सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी, जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी, पूर्व देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव और नेता सत्तापक्ष मनीष सेन होंगे। हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य सजावट कर गणेश जी आकर्षक प्रतिमा राधाकृष्ण जी के रूप में विराजमान है। प्रतिदिन संगीतमय आरती के साथ विविधि धार्मिक आयोजन हो रहे है। धार्मिक माहौल के बीच गंगा आरती और छप्पन भोग का विशेष आयोजन होगा। समिति संस्थापक ओम खत्री, हेमराज इटोरिया, अनिल राव बर्वे, मनीष जैन आदि ने धर्म लाभ लेने अपील की है।

## जिले के एकमात्र लॉ कॉलेज की अव्यवस्थाओं पर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

# विधि महाविद्यालय के गेट पर ताला जड़कर किया हनुमान चालीसा का पाठ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

### तीन दिवस में व्यवस्थाएं सुधारने दिया अल्टीमेटम

मुख्यालय स्थित जिले का एकमात्र विधि महाविद्यालय अपनी विभिन्न अव्यवस्थाओं एवं कमियों के चलते विद्यार्थियों की परेशानियों का कारण बना हुआ है। महाविद्यालय में व्याप्त कमियों को लेकर कई बार ज्ञापन और पत्रों के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग को अवगत कराने के बाद भी जब समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अनेकों कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के गेट पर ताला जड़कर करीब ढाई घंटे तक नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

विभाग छात्रा प्रमुख उमा वैष्णव के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन, प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों ने काफी समय तक नारेबाजी की। आंदोलन के बीच जिला छात्रावास संयोजक आनंद शर्मा द्वारा व्यंगात्मक काव्यपाठ करते हुए महाविद्यालय की कमियों को उजागर किया। हंगामे की सूचना पर तहसीलदार ज्ञापन लेने पहुंचे लेकिन एबीवीपी कार्यकर्ता कलेक्टर को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। काफी समय तक चले प्रदर्शन के बाद नवागत अपर कलेक्टर मौके पर पहुंचे जिन्हें आक्रोषित विद्यार्थियों ने अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस आंदोलन, प्रदर्शन के बीच अभाविप पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा शासन, प्रशासन को सद्बुद्धि देने कॉलेज के गेट पर ही हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

#### महाविद्यालय में अव्यवस्थाओं का अंबार

अभाविप पदाधिकारियों ने बताया कि यह जिले का एकमात्र विधि महाविद्यालय है जिसमें दर्ज 200 से अधिक विद्यार्थी महज 3 कमरों में पढ़ने को मजबूर हैं। अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि कॉलेज प्रबंधन विद्यार्थियों के लिए पीने के पानी तक का इंतेजाम नहीं कर पा रहा है। स्टाफ की कमी होने के साथ-साथ पुस्तकालय जैसी बुनियादी सुविधा का भी यहां अभाव है। इसके साथ ही यह कॉलेज सालों पुराने जर्जर भवन में संचालित हो रहा है जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। अभाविप पदाधिकारियों ने बताया कि कॉलेज में परीक्षाओं की कॉपी जांचने में भी धांधली की जाती हैं गत वर्ष फैमेली लॉ विषय में अधिकांश विद्यार्थियों को अनुतीर्ण कर दिया गया वहीं इस वर्ष लॉ ऑफ कॉन्टेक्ट विषय में भी लगभग सभी विद्यार्थियों को फेल किया गया है। अभाविप पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि संगठन से जुड़े विद्यार्थियों को फेल करने की धमकी भी प्रबंधन द्वारा दी जाती है।

#### 3 दिन में व्यवस्थाओं में सुधार का अल्टीमेटम

अभाविप के नगर मंत्री कुलदीप सिंगी ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिवस में उनकी मांगों पर ठोस कार्यवाही नजर नहीं आई तो परिषद जिले में व्यापक स्तर पर आंदोलन करेगी जिसकी समस्त जवाबदेही शासन, प्रशासन की होगी। इस अवसर पर जिला संयोजक शुभम शर्मा, भाग संयोजक मनीष बना, हर्ष राजपूत, अंकित बाथम, आकाश, उदय, हेमंत गौड़, वंशिका, सोनू, राजेश, राहुल, हर्ष, कपिल सहित अन्य उपस्थित थे।

## युवक पर नहार ने किया हमला, खेत पर चारा काटने गया था



छापीहेड़ा। जब अपने खेत पर महेश पिता रामप्रसाद दांगी अपने पशुओं के लिए चारा काटने के लिए खेत पर गया हुआ था तो पीछे से जंगली नहार ने हमला कर दिया। वह तो गनीमत रही की महेश के हाथ में चारा काटने का दातला था। जब महेश का हाथ नाहर ने अपने मुंह में दातों से दवा लिया तो महेश ने अपनी जान बचाने के खातिर बड़ी मुस्तेदी के साथ नहार से भिड़ गया और अपने दूसरे हाथ से नहार की गर्दन पर वार कर अपनी जान बचाई। कई मिनट तक दोनों में कुश्ती लड़ाई हुई जिसमें महेश के हाथों में खून की पिचकारी चलने लगी वह देख महेश घबराया परंतु उसने हार नहीं मानी हाथों में रखा चारा काटने के दांतले से नहार को क्षतिग्रस्त कर दिया ऐसी मुस्तेदी होनी चाहिए आज के किसानों में क्योंकि अकेले जंगल में किसान मेहनत कर अन्न पैदा करते हैं दिन हो चाहे रात अपनी जान की परवाह किए बगैर अकेले चल पढ़ते हैं अपने खेत पर इतना सब होने पर किसान के बेटे ने बचाई अपनी जान बचाई।

### न्यायालय ने अर्थदंड भी लगाया

## सामूहिक दुष्कर्म के 2 आरोपियों को आजीवन का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



भोजपुर थानाक्षेत्र के तहत साल 2023 में एक विवाहिता महिला के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों आरोपियों पर 7-7 हजार रुपए का अर्थदंड भी अधिरोपित किया है।

#### क्या था पूरा मामला

शासकीय लोक अभियोजक विजय सिंह सिसोदिया ने बताया कि घटना 2 वर्ष पुरानी है। पीड़िता महिला खिलचीपुर से दवाई लेकर अपने गांव लौट रही थी। इस दौरान रास्ते में उसके संबंधी चैनसिंह और राजेश मोटर साईकिल से आए और लिफ्ट देने के बहाने उसे अकेले में लेकर गए। यहां दोनों ने महिला के साथ कई बार दुराचार किया। इसके साथ ही उक्त बात किसी को बताने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसी मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार शर्मा ने सभी गवाहों एवं सबूतों की बिना पर आरोपियों चैनसिंह पिता रामचंद्र तंवर निवासी ग्राम परसपुरा थाना खिलचीपुर एवं राजेश पिता प्रेमसिंह तंवर निवासी गोपालपुरा थाना राजगढ़ को आजीवन कारावास से दंडित किया है।

## आठ महीने पुराना वीडियो वायरल, ब्लैकमेलिंग के आरोप में मामला पुलिस तक पहुंचा



सारंगपुर। ग्राम पंचायत लीमाचौहन के सचिव का आठ माह पुराना एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बताया जा रहा है कि वीडियो में सचिव को दुकान पर किसी ग्रामीण के साथ लेन-देन करते हुए दिखाया गया है। आरोप यह लगाया गया कि पंचायत योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर सरपंच और सचिव ने रिश्वत ली है। वीडियो वायरल होते ही ग्राम में हड़कंप मच गया और चर्चाएँ शुरू हो गईं। लेकिन इस मामले ने तब नया मोड़ लिया जब वीडियो में दिखाई देने वाले हितग्राही ने ही पुलिस थाने में आवेदन देकर पलटवार किया। उसने आरोप लगाया कि एक युवक ने योजनाबद्ध तरीके से यह वीडियो बनाया और बाद में उसे बदनाम करने की नीयत से सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। वहीं सचिव ने भी वीडियो बनाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कुछ ग्रामीण इस मामले को लेकर कलेक्टर के पास भी पहुंचे हैं।

## हाईवे की चिता सजाकर खराब सड़क का विरोध, चक्काजाम भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर



फ्रीगंज में नेशनल हाईवे-752 सी पर रविवार सुबह स्थानीय लोगों ने चक्काजाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने सांकेतिक अर्थी बनाकर सड़क पर ही हाईवे की चिता सजा डाली। लोगों ने सरकार व प्रशासन की बेरुखी पर गुस्सा जताया। रहवासियों ने सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की। लोगों ने कहा कि गड्ढों में गिरकर कई लोग घायल हो चुके हैं। हादसे का शिकार बन चुके लोग भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। शुजालपुर के फ्रीगंज क्षेत्र में खराब सड़कों को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।

लंबे समय से सड़क पर बने गड्ढों और बदहाल हालात से परेशान रहवासियों ने रविवार को सड़क पर जाम लगा दिया। लोगों का कहना है कि गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और आवागमन बुरी तरह प्रभावित है। रहवासियों ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक जनप्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचेंगे और सड़क सुधार की ठोस घोषणा नहीं करेंगे, तब तक वे आंदोलन खत्म नहीं करेंगे। इस दौरान आवागमन पूरी तरह ठप हो गया, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रहवासियों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।।

### दिए आवश्यक दिशा-निर्देश, समीक्षा के दौरान लापरवाही पर जताई नाराजगी

## सुठालिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने की रोगी कल्याण समिति की समीक्षा

ब्यावरा। शनिवार को सुठालिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने रोगी कल्याण समिति की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान जैसे ही बैठक शुरू हुई, मंत्री पंवार ने पिछले तीन सालों का आय व्यय का पूरा रिकॉर्ड मांगा, लेकिन जिम्मेदार अफसर कुछ दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। इस पर मंत्री ने नाराजगी जताई और अगली बैठक तक सभी रिकॉर्ड पूरे करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों से मंत्री पंवार ने जनस्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन को समय पर, सरल और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि मरीजों को सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के उपरांत मंत्री पंवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और मरीजों का हालचाल जाना। उन्होंने डॉक्टरों, स्टाफ और संबंधित अधिकारियों को सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निर्देश दिए। जनस्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए मंत्री पंवार ने चिकित्सालय परिसर में “एक पेड़ मां के नाम” अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल प्रकृति के प्रति हमारे कर्तव्य का प्रतीक है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण देने की दिशा में एक सार्थक कदम भी है। इस दौरान सीएमचओ डॉ शोभा पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान, संस्था प्रभारी संकेत मिश्रा, समिति सदस्य सुनील सिंह सरावत, संजय पालीवाल, बीएमओ डॉ जलालुद्दीनन शेख आदि उपस्थित रहे।




## गणेश उत्सव समिति ने की भव्य आरती श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

सारंगपुर। गणेश उत्सव समिति बड़ी होली द्वारा आयोजित गणेशोत्सव में शुक्रवार को आकर्षक झांकी और गणेश प्रतिमा के दर्शन करने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। समिति के सदस्य पूर्व पार्षद सतीश राठौर ने उपस्थित होकर विधिवत आरती की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से गणेश आरती में भाग लिया। इस दौरान नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, अनिल माहेश्वरी, अनिल राठोर, संजय शर्मा, आनंद उपाध्याय, मोहन जोशी, नवीन रुण्डवाल, प्रथम शर्मा, सहित महिलाएं पुरुष बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया



जीरापुर। शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के क्रीडा प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने करते हुए कहा कि खेल स्पर्धा का अपना अलग महत्व है इसलिए हमेशा खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए।महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा नें छात्र-छात्राओं को बताया कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है खेल नियमित खेलना चाहिए जिससे शरीर स्वस्थ मस्त रहे, नियमित खेल अभ्यास से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। इस अवसर पर विधार्थी एवं महाविधालय स्टाफ प्रो. कमल मेहता, प्रो. पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, क्रीड़ाअधिकारी मंगल सिंह झाला, कपिल वैष्णव, अनुपम आचार्य, डॉ. ओम गुप्ता, डॉ. रीना पाटीदार, डॉ जितेंद्र यादव, दिनेश दांगी उपस्थित रहे।

### ई-गवर्नेंस के मास्टर ट्रेनर्स ने दिया प्रशिक्षण

## ई-ऑफिस व्यवस्था को बेहतर बनाने बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित

राजगढ़। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार दोपहर जिला स्तरीय ई-ऑफिस समीक्षा एवं प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, डेटा एंट्री ऑपरेटर सहित विशेषकर वे अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे जिनके कार्य में ई-ऑफिस संचालन में सुधार की आवश्यकता है। बैठक के दौरान ई-फाइल निर्माण, फाइल क्लोजिंग, लंबित फाइलें, नोटशीट फॉरवर्ड आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। ई-गवर्नेंस के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा उपस्थित कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान किया गया तथा ई-ऑफिस की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा ने निर्देश दिए कि सभी शासकीय दस्तावेज अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही प्रेषित किए जाएं। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को सामान्य प्रशासन विभाग के डिजिटलीकरण की मंशा में पूर्ण सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सुधार एवं फेसलेस गवर्नेंस समय की आवश्यकता है तथा यह प्रभावी एवं सक्षम प्रशासन के लिए पूर्व-आवश्यक शर्त है।

### कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया, साफ-सफाई भी की

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय गतिविधि का आयोजन

सारंगपुर। स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सारंगपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नियमित गतिविधि के अंतर्गत शनिवार को एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर संस्था परिसर में वृक्षारोपण एवं गाजर घास उन्मूलन का कार्य किया गया। एनएसएस से पंजीकृत छात्रों ने महाविद्यालय मैदान परिसर में साफ-सफाई कर श्रमदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता खोईया, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरुणा सोलंकी, डॉ. विमल लोदवाल, प्रो. संगीता गुप्ता, प्रो. प्रीतम गुनवा, हरि शंकर शर्मा, डॉ. दीप्ति सिसोदिया, धर्मेंद्र वर्मा एवं पवन राजपूत सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों नीलम अहिरवार, करीना मालवीय, वंदना लोधी, लक्ष्मी मालवीय सहित अन्य छात्रों ने भी सक्रिय रूप से भाग लेकर श्रमदान किया।



## राष्ट्रीय खेल दिवस पर फुटबॉल मैत्री मैच किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



एकलव्य स्पोर्ट्स अकादमी ने फुटबॉल मैत्री मैच व उत्कृष्ट खिलाड़ी का सम्मान का आयोजन कर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। सर्वप्रथम हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला और खिलाड़ियों से अपने लक्ष्य की और अग्रसर रहे ओर निरंतर अभ्यास करते रहे आप अवश्य सफल होगे खेल क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं, मैत्री मैच के विजेता उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रकांत त्रिपाठी,जनपद सदस्य इंदरसिंह लववंशी, प्राचार्य डॉ. आरके गुप्ता, प्रदीप बना, राहुल दांगी, शहजाद पंजाबी, गौरव अग्रवाल, दीपक सामरे, इरशाद हैदर, नफीस खान, शेरा खान, लवी परमार, मुकेश शाक्यवार, राकेश सिंह जाटव, प्रतीक पुष्पद, मानस जोशी व खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### शिव रुद्राभिषेक महाआयोजन का दूसरा दिन

## लाखों शिवलिंग निर्माण से गूंजा भक्तिमय वातावरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर के नृसिंह स्टेडियम में चल रहे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महाआयोजन के दूसरे दिन भी श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ा। हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु सुबह से ही शिवलिंग निर्माण के लिए पहुंच गए थे। दिनभर चले अनुष्ठानों में श्रद्धालुओं ने लाखों शिवलिंग का निर्माण कर रुद्राभिषेक किया। महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से रुद्री निर्माण एवं पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा रुद्राभिषेक से वातावरण शिवमय रहा। चारों ओर गूंजते मंत्रोच्चार और भक्तिमय गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। इस अवसर पर धर्माचार्य पंडित सोमेश परसाई ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण का महत्व एवं इसके फल का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा किकृ “पार्थिव शिवलिंग निर्माण से जीवन में सुख-समृद्धि और शांति प्राप्त होती है, यह मानव जीवन के उत्थान का मार्ग है।” उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म से जुड़े रहने और सामूहिक भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला।

शाम को भस्मारती के दौरान पूरे परिसर में अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण बन गया। मंत्रो की गूंज और भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु इस दृश्य को देख मंत्रमुग्ध हो उठे। इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया और कहा कि सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण का यह आयोजन केवल नरसिंहगढ़ ही नहीं, पूरे अंचल की आस्था और जनकल्याण का प्रतीक बन गया है। सात दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता इसकी भव्यता को और बढ़ा रही है। आयोजन समिति के अनुसार, सात दिवसीय इस महाआयोजन में कुल सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण का लक्ष्य है। पहले दिन की भव्य कलश यात्रा और रुद्राभिषेक के बाद दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। आने वाले दिनों में यह संख्या और भी अधिक बढ़ने की संभावना है।

## पर्यावरण शिक्षा माटी सिद्ध गणेश अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ कार्यक्रम




छापीहेड़ा। माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छापीहेड़ा में छात्राओं के उज्जवल भविष्य को सुद्धढ़ बनाने की सार्थक भूमिका पर्यावरण संरक्षण से भी मिलती है जो हमें स्कूल में शिक्षा स्वरूपी ज्ञान अर्जित कर खेल के माध्यम से भी अर्जित होती है। डेढ़ सौ छात्राओं ने अपने हस्तकला का प्रदर्शन करते अपने विद्यालय प्रांगण से मिट्टी लेकर माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यक्रम को सफल करते हुए गणेश प्रतिमा का निर्माण किया इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण एवं गणेश उत्सव का महत्व बताया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने गणेश प्रतिमाओं का अवलोकन कर छात्रों को प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार की घोषणा की। गणेश बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान 11वीं आर्ट एवं द्वितीय स्थान 12 वीं विज्ञान संकाय एवं तृतीय 11वीं विज्ञान की छात्राओं ने प्राप्त किया।

**खबर संक्षेप**

## जन शिक्षा केंद्र जावर में हुआ शैक्षिक संवाद



**जावर।** जावर जन शिक्षा केन्द्र पर शैक्षिक संवाद का आयोजन रखा गया। आयोजित हुए शैक्षिक संवाद में जन शिक्षा केन्द्र के 6 से 8 व 3. से 4 तक के पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया सहज करता रीना पाटीदार, गजराज सिंह बागवान, राजेंद्र सिंह ठाकुर, रवि शर्मा ने बहुत ही रोचक तरीके से प्रशिक्षण दिया गया रीना पाटीदार ने हमारी कक्षा कैसी हो पर रोचक तरीके से समझाया। उक्त जानकारी गोपाल ठाकुर शिक्षक ने दी।

## कांग्रेस के नेतृत्व में आज नगर में निकलेगी मतदाता अधिकार यात्रा

**आष्टा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा देश राहुल गांधी की अगवाई में निकाली जा रही मतदाता अधिकार यात्रा के तहत एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला स्तरीय वोट चोर गद्दी छोड़ रैली जिसमें पूर्व मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा, प्रदेश प्रभारी जयश्री हरिकरण वा जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की उपस्थिति में कल दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे स्थानीय कॉलोनी चौराहा से तहसील कार्यालय तक निकाली जाएगी। उक्त रैली में वरिष्ठ कांग्रेस नेता गण, समन्वय समिति के सदस्य गण, विभाग के अध्यक्ष गण एवं पदाधिकारीगण, कांग्रेस पदाधिकारी गण, कार्यकर्ता गण, युवा कांग्रेस, एन एस यू आइ, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस,अल्पसंख्यक,अन्य पिछड़ा वर्ग, एसटी, एससी प्रकोष्ठ सहित सभी विभाग एवं प्रकोष्ठ के कार्यकता जनप्रतिनिधिगण साथियो से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी जावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह सेमलीबारी ग्रामीण अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू एवं सिद्दीगंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कृपाल सोलंकी ने सफल बनाने की अपील की।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन, हुई कई खेल गतिविधियां

# सभी विद्यार्थी अपनी ऊर्जा को खेल-कूद में लगाकर तनाव मुक्त रहें: एसडीएम

### 29 से 31 अगस्त तक खेल दिवस के अवसर पर हुई कई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



नगर के सांदीपनि (सी.एम. राइज़) शासकीय उमावि आष्टा में 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जन्मतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, नगर महामंत्री धनरूपमल जैन, मंडल उपाध्यक्ष राकेश प्रजापति, वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती, भाजपा नेता मनोज ताम्रकार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद प्रजापति, प्राचार्य सितवत खान ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर माननीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा फिट इंडिया की शपथ भी दिलवाई गई।

30 और 31 अगस्त को भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। 30 अगस्त को सीएम राइज़ विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने रस्सा-कशी प्रतियोगिता में भाग लिया। 31 अगस्त को नितिन कुमार टाले अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आष्टा, राय सिंह मेवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि, रूपेश राठौर अध्यक्ष मंडी अनाज व्यापारी संघ और रविन्द्र शर्मा पार्षद वार्ड 16 नगर पालिका द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट अंतर्गत कार्यक्रम का समापन कर विद्यार्थियों एवं उपस्थित जन समुदाय को प्रेरित किया। संस्था प्राचार्य सितवत खान द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पधारे सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में बताया गया कि यह दिन भारत की समृद्ध खेल विरासत और हमारे एथलीटो की उपलब्धियों का जश्न मनाता है, जिन्होंने वैश्विक मंच पर देश को गौरवांवित किया है। इसी दिन वर्ष 2019 में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ''फिट इंडिया मूवमेंट'' प्रारंभ किया गया था। फिट इंडिया मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय खेल दिवस, फिटनेस और खेल गतिविधियों का आयोजन इस विद्यालय में दिनांक 29 अगस्त से 31 अगस्त तक किए गए। जिसकी टेग लाईन है - ''हर गली हर मैदान, खेले सारा हिन्दुस्तान''। थी। इस अवसर पर नितिन कुमार टाले एस.डी.एम. ने विद्यार्थियों एवं खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। जिससे हमें हार और जीत दोनों का अनुभव होता है। सी.एम. राइज़ विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें और अपनी ऊर्जा को खेल कूद आदि में लगाकर अपने विद्यार्थी जीवन में तनाव मुक्त रहे। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि वो भी इसी विद्यालय के विद्यार्थी रहे है, और खेलों से ही उनका करियर निर्माण हुआ है, खेल भावना से हमें सादगीपूर्ण जीवन जीने की सीख मिलती है। रूपेश राठौर अध्यक्ष मंडी अनाज व्यापारी संघ और रविन्द्र शर्मा पार्षद वार्ड 16 नगर पालिका ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेलों को हम हमारे जीवन में उतारे। फिट इंडिया मूवमेंट अंतर्गत एस.डी.एम. नितिन कुमार टाले, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद रविन्द्र शर्मा, प्राचार्य सितवत खान एवं अन्य शिक्षकों ने भी रस्सा कशी और अन्य खेल कूद गतिविधियों में सहभागिता करी। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने ''रविवार को साईकिल पर'' में भी सहभागिता करी। राष्ट्रीय खेल दिवस के समापन अवसर पर विद्यालय में विभिन्न में खेल प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई जिसमें क्रमशः चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में बालिक वर्ग में प्रथम स्थान रेणुका मेवाड़ा, द्वितीय स्थान सलोनी मेवाड़ा, तृतीय स्थान पर दो छात्राएं अर्पिता मेवाड़ा और अंजली करमोदिया रही वही चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम स्थान पवन मेवाड़ा, द्वितीय स्थान विनित वर्मा, तृतीय स्थान अंश जलवाया ने प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान ईशिका धनगर, द्वितीय स्थान अंजली करमोदिया, तृतीय स्थान निशा मालवीय ने प्राप्त किया वही बालक वर्ग में प्रथम स्थान राधा रमण मेवाड़ा, द्वितीय स्थान रोहन मेवाड़ा, तृतीय स्थान प्रवीण मेवाड़ा ने प्राप्त किया।

सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विपिन कुमार टाले, राय सिंह मेवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि, रूपेश राठौर अध्यक्ष मंडी अनाज व्यापारी संघ और पार्षद वार्ड 16 नगर पालिका रविन्द्र शर्मा के द्वारा पुरूस्कार वितरण कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक भूपेन्द्र सिंह ने किया और डी.एस. मांडवा ने खेलकूद गतिविधियों के सफल आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर जितेन्द्र मेवाड़े, पवन कुमार राया, जितेन्द्र धनवाल, प्रकाश यादव, तेजपाल सिंह, आशा रावत, जसपाल सिंह, पूजा असाड़े, अंतिम बाला हटिला, सीमा बघेल, कासिम खान, निर्मलदास बैरागी, विजय हाटेकर, मनोज बड़ोदिया, डी.एस. मांडवा, मुकुंद सिंह बरोड़यिा, एस.के. सिंगारिया, राजेश राठौर, आशीष विश्वकर्मा, पंकज कुमार, विनोद नागदा, सतीश चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे।

## ग्राम वन समिति के चुनाव में दो प्रत्याशियों को मिले 185-185 वोट

### छोटी बालिका ने पर्ची से से एक को दिलाई जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिद्धिगंज

ग्राम वन समिति नर्पा खेड़ी सुशील नगर सिद्धि गंज के चुनाव में इस बार तीन उम्मीदवार मैदान में खड़े हुए जिसमें 731 वोट में से 406 वोट डाले गए। चुनाव के दौरान सबसे दिलचस्प बात यह रही की दो उम्मीदवार फूल कुंवर बाई पति थावर सिंह व शहनाज पति अनीश खा को बराबर 185-185 वोट मिले व गीता पिता शंकर लाल को 25 व 11 वोट रिजेक्ट हो गए। दो उम्मीदवारों को बराबर वोट मिलने के कारण से स्थिति असमंजस में हो गई। स्थिति को देखते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी नवनीत झा आष्टा, परिक्षेत्र सहायक छगन सिंह भिलाला के द्वारा समझाइश पर दोनों उम्मीदवार आपस में माने तब दो पर्ची डाली गई। जिसे अबोध बालिका के द्वारा उठाया गया। जिसमें ग्राम सुशील नगर की शहनाज बी पति अनीश खां का नाम सामने आया। जिस पर शहनाज बी पति अनीश खान को विजय घोषित किया गया। वन समिति चुनाव में इस बार तीन उम्मीदवार मैदान में खड़े हुए थे। जिसमें फूल कुंवर बाई पति थावर सिंह रैकवार, शाहनवाज बी पति अनीश खां, कुमारी गीता बाई पिता घीसू लाल यह तीनों उम्मीदवार वन समिति के चुनाव में खड़े हुए थे। जिसमें से शाहनवाज बी पति अनीश खां को विजय घोषित किया गया। विजय उम्मीदवार का साल श्रीफल साफा बंधकर स्वागत सम्मान किया गया और बधाइयां दी गई। बधाई देने वालों में महेंद्र सिंह काजले सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा साफा बांधकर बधाइयां दी।

## जावर के शिक्षकों ने की श्रद्धांजलि अर्पित



**जावर।** आष्टा वि ख के बी आरसी अजब सिंह राजपूत के पिता का विगत दिनों स्वर्गवास हो जाने पर उनके गृह गांव भीमपुरा पहुंच कर स्वर्गीय आत्मा के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित कि। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले में पूर्व डी ई ओ दिनेशचंद्र बाहेती, सी एम राइज प्राचार्य नितिन कौशल, गजराज सिंह बागवान, राजेंद्र सिंह ठाकुर ,कमलेश खत्री ,कमलेश जयसवाल, सूर्यकांत शर्मा, सोभाल सिंह ठाकुर ,गिरीश विश्वकर्मा, कमलेश सोनी ,चंदर सिंह पांचाल ,खुशीलाल परमार, विक्रम सिंह मालवीय,गोपाल सिंह ठाकुर आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी



**जावर।** प्रदेश व जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक गोपाल इंजीनियर के मार्गदर्शन में जावर मंडल के बूथ क्रमांक 38 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 125 वें संस्करण सुना। प्रधानमंत्री के विचार हम सभी को समाज एवं राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर प्रेरित करते हैं। उनके संदेश यह विश्वास दिलाते हैं कि छोटे-छोटे प्रयास भी भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र बनाने में अहम योगदान दे सकते हैं।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, महामंत्री राजा ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, हरेंद्र विश्वकर्मा,अंगूर ठाकुर,संजय पांचाल, ओमपाल सिंह, अभिषेक सिंह, नरेंद्र सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दोराहा/अहमदपुर



जिले के श्यामपुर तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में करणी सेना प्रमुख जीबन सिंह शेरपुर प्रथम आगमन हुआ। ग्रामीण क्षेत्र में प्रथम आगमन पर जीवन सिंह शेरपुर का जगह-जगह पुष्पमाला से स्वागत किया। ग्राम पंचायत बनखेडा के पूर्व सरपंच रामस्वरूप ठाकुर द्वारा स्वागत किया। और जीवन सिंह शेरपुर को ठाकुरों की शान तलवार भेंट की गई। वहीं प्रथम आगमन पर जीवन सिंह शेरपुर से जब सीधी बात की तो जीवन सिंह शेरपुर ने कहा कि जीवन सिंह शेरपुर पूरी करनी सेना सर्व समाज के साथ खड़ी है। सर्व समाज के साथ जहां भी अन्याय होगा जीवन सिंह शेरपुर करणी सेना हर अन्याय के साथ आवाज उठाएगी। अहमदपुर में भव्य स्वागत के बाद जीवन सिंह शेरपुर का काफिला ग्राम सुल्तानपुरा गांव की ओर रवाना हुआ। करणी सेवा प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर में सुल्तानपुरा गांव पहुंचकर ऐकेडमी का शुभारंभ किया। वही मीडिया से जीवन सिंह शेरपुर ने कहा कि सभी के हितों की लड़ाई लड़नी है तो सभी को साथ मे लेकर चलना पड़ेगा। इसी उद्देश्य से हम समाज के लोगो से रूबरू हो रहे है। हमारी लड़ाई सरकार से नहीं उनकी नीतियों से है और हरदा प्रकरण जो हुआ उसमे लाठीचार्ज हुआ उसके विरोध में हरदा में एक बड़ा जनसैलाब उमड़ेंगा। हम सरकार से न्याय की मांग कर रहे थे। करीब एक माह से ज्यादा हो गया हमे न्याय नही मिला। जिसके बाद हम समाज के लोगो के पास जा रहे समाज के लोगो से मिलकर न्याय की अपील कर रहे है, वही करणी सेवा प्रमुख ने बताया कि सर्व समाज के लिए करणी सेना जीवन सिंह शेरपुर खड़ा है जहां भी अन्याय होगा जीवन सिंह शेरपुर सर्व समाज के लिए उनके हक की लड़ाई के लिए मैदान में होगा। करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर का सीहोर जिले की श्यामपुर तहसील के ग्रामीण में प्रथम आगमन पर सर्व समाज बड़ी संख्या में स्वागत के लिए उमड़ा, दोराहा जोड़ दोराहा रसूलपुरा खाईखेड़ा बनखेड़ा चरनाल सहित दर्जनों भर जगह जगह सर्व समाज के द्वारा स्वागत सत्कार किया।

## धार्मिक यात्रा से लौटे सचिन भंडारी का नगर में हुआ स्वागत, जैन श्री संघ ने किया बहुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर



महिदपुर रोड वर्धमान स्वाध्याय मंडल के स्वाध्याय बंधु सचिन भंडारी एवं ऋषभ राणावत द्वारा 8 दिनों तक धर्मनाथ जैन श्री संघ कांच वाला मंदिर कानपुर में पर्यूषण महापर्व की विशिष्ट आराधना को संपन्न किया गया जिसमें प्रतिदिन प्रतिक्रमण स्नात्र पूजन प्रवचन विशिष्ट धर्म आराधना महावीर जन्म वांचन समारोह, सांवत्सरिक महापर्व एवं परमात्मा की भक्ति एवं अनेक धार्मिक कार्यक्रमों को सानंद संपन्न किया।

तत्पश्चात जैन श्री संघ द्वारा सचिन भंडारी महिदपुर रोड एवं ऋषभ जैन राणावत रविंद्र नगर बुढा का विशिष्ट बहुमान धरमनाथ जैन श्री संघ के महानुभावों द्वारा किया गया पश्चात महापर्व की आराधना को संपन्न करने के पश्चात हिंदू संस्कृति की महान पवित्र धर्म नगरी भगवान श्री राम व जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान की जन्म भूमि अयोध्या के दर्शन वंदन कर धार्मिक यात्रा का परिभ्रमण करते हुए 30 तारीख को रात्रि में महिदपुर रोड नगर निवास स्थान पर पहुंच कर वरिष्ठ एवं स्नेहीजनों, मित्रजनो को मिच्छामि दुक्कडंम कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया उक्त जानकारी जैन समाज की मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

### नौवें तीर्थंकर पुष्पदंत भगवान के मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव पर मोक्ष फल चढ़ाया

# सुई की नोंक बराबर धन भी साथ में नहीं जाएगा: सानंद सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



पुण्यशाली जीव तो दस दिनों तक एवं सालभर धर्म - आराधना कर भगवान की पूजा-अर्चना करते हैं।धन का लोभ सभी को है। व्यक्ति पांच इंद्रियों का दास है। धन के लिए हर व्यक्ति को समुद्र की तरह लोक - कषाय है ,वह कभी शांत नहीं होती है।लोभ जाने पर आत्मा पवित्र होती है। धन - संपदा से अधिक लोभ है , जबकि सुई की नोक बराबर भी धन साथ नहीं जाता है।लोभ के कारण एक-दूसरे की जान के दुश्मन हो गए हैं।लोभ के कारण त्रियंच गति में जाओगे। यथा शक्ति अनुसार दान करें और चारों कषायों का त्याग करें।

लोभ पाप का बाप है।धन तृष्णा की खाई के समान है, इच्छा को शांत करें।कषायों के कारण अनंत संसार बढ़ रहा है।यथा शक्ति अनुसार दान करें।लोभ बढ़ाने वाले भी हैं, वह पापी है। सपना कभी अपना नहीं होता है। कोई खुली आंखों से तो कोई बंद आंखों से सपने देखते हैं। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर पर्यूषण पर्वाधिराज महापर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म पर आशीष वचन देते हुए मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने कहीं। आपने कहां अनादिकाल से दान की परम्परा चली आ रही है। इतनी अधिक धन - संपदा कहा ले जाओगे। ऐसे अनेक लोग हैं जिनके पास सात पीढ़ियां आराम से घर बैठकर का ले फिर धन समाप्त नहीं होगा। उन्हें फिर भी धन प्राप्त करना है। व्यक्ति लोभ के कारण अनादिकाल से जनम -मरण करते आ रहे हैं।लोभ से मुक्ति नहीं होने वाली है। मुनिश्री सानंद सागर जी ने बताया रावण बहुत बड़ा विद्याधर था, विद्या का अपार भंडार था रावण के पास।वह असुरों के वंश का था।लोभ के कारण सीता का हरण किया।सोने का हिरण को देखकर सीता ने उसे पकड़ कर लाने का श्रीराम से कहा। श्रीराम हिरण को पकड़ने गए और रावण साधु के भेष में सीता के पास गया। रावण का नियम था परस्त्री की स्वीकृति के बिना भोग नहीं करुंगा,इसलिए सीता पवित्र रहीं,त्याग से लोभ कम होगा।पेटी भरों, लेकिन कोठा मत भरों।कोठा श्मशान और समुद्र की तरह है, जहां कितने ही शव और नदियां समाने के बाद भी तृप्ती नहीं होती। श्मशान में लाखों मुर्दे जल गए ,लेकिन उसकी प्यास नहीं बुझती है और इसी प्रकार समुद्र में अनेक नदियों का पानी मिल जाता है, फिर भी समुद्र की प्यास नहीं बुझती है।आज माता -पिता बच्चों को भगवान समझती है। बच्चों का भी दायित्व बनता है कि वह अपने माता-पिता की सेवा करें।बेटी दो घरों को संभालती है। बेटी ससुराल में जाकर परिवार को धर्म से जोड़ सकती है।कुछ बेटियां ससुराल को नर्क बना देती है। शिविर में लिए संस्कारों का पालन घर पर आकर समाज में भी संस्कार फैलाएं। संस्कार लेकर समाज को दिशा देने का काम करें।

### नौवें तीर्थंकर पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव मनाया

जैन धर्म के नौवें तीर्थंकर पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव नगर के सभी जिनालयों में मनाया गया। भगवान के अभिषेक शांति धारा कर निर्वाण कांड पाठ बोलकर मोक्ष फल भक्ति भाव से चढ़ाया गया । किला मंदिर पर निर्वाण लाडू चढ़ाने के लाभार्थी सभी व्रतीगण रहे।गंज मंदिर में शानदार निर्वाण लाडू दीपक जैन रनायल वाले बनाकर लाएं। सभी ने श्रद्धा पूर्वक निर्वाण लाडू चढ़ाया।

### आज पाठशाला के बच्चों की प्रस्तुति

पर्यूषण पर्वाधिराज महापर्व पर 1 सितंबर की रात्रि साढ़े आठ बजे श्री निर्वेग श्राविका महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। रविवार को पारस विद्यायतन पाठशाला के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

## गणेश पंडाल में हो रहे धार्मिक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

श्री रिद्धि सिद्धि गजानंद मंडल बायपास पर कई धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हे। समिति के सदस्य राहुल परमाल ने बताया कि भगवान गणेश जी के साथ मां लक्ष्मी जी और सरस्वती जी की विशाल मूर्ति की स्थापना की हे,आज भगवान का अभिषेक पूजन, आरती और प्रसाद वितरण का सौभाग्य किरण कुमार शर्मा परिवार को प्राप्त हुआ। यहां प्रतिदिन अभिषेक पूजन, आरती धर्माधिकारी गजेन्द्र शास्त्री जी के द्वारा कराई जा रही हे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा, समाजसेवी कैलाश सोनी दादा दयालु, पांचाल जी आदि समाजसेवियों का सम्मान, स्वागत ओमप्रकाश प्रजापति, महेश मेवाड़ा, राकेश प्रजापति, कमल मालवीय, अर्जुन प्रजापति, जीवनसिंह, राहुल परमाल ने किया। इस अवसर पर सुंदर डाकियों के साथ सुंदर कांड का पाठ भी आयोजित किया। भजन संध्या में नन्हीं बालिका प्रशंशा बैरागी ने सुंदर भजनों से सबका मन मोह लिया।